**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.04.2026/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हिमाचल दौरे को लेकर तैयारियां शुरू– राजधानी शिमला में सुरक्षा के दृष्टिगत एक हज़ार से अधिक पुलिस जवान रहेंगे तैनात।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों से कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए परिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा– हार के डर से पंचायती राज और नगर निकाय चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़ना चाहती कांग्रेस।
- प्रदेश महिला कांग्रेस प्रधानमंत्री को 10 लाख पोस्ट कार्ड भेजकर 5 सौ 43 लोकसभा सीटों के आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग करेगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल सुबह 11 बजे लोगों से साझा करेंगे विचार।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से हिमाचल प्रदेश के आधिकारिक दौरे पर शिमला पहुंचेंगी। 6 दिवसीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति शिमला के निकट छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति का 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई को शिमला से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। राजधानी शिमला में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक हज़ार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गई है। डीआईजी साउथ रेंज अंजुम आरा ने बताया कि शिमला शहर को तीन सेक्टरों में बांटा गया है और जहां भी राष्ट्रपति का कार्यक्रम निर्धारित है, वहां वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

इस बीच, राष्ट्रपति के दौरे के दृष्टिगत 28 व 29 अप्रैल को कुल्लू ज़िला में साहसिक खेल व हवाई गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। ज़िला उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति के संभावित भ्रमण मार्ग व आसपास के क्षेत्रों में किसी प्रकार की खुदाई, उत्खनन या ट्रैचिंग कार्य पर भी पूर्ण रोक लगाई गई है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज लोक भवन शिमला में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के बैच 2025 के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी, समर्पण और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने सुशासन को मजबूत करने और जन सेवाओं से संबंधित योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में सिविल सेवकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल देते हुए राज्यपाल ने अधिकारियों से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 'परिपूर्ण दृष्टिकोण' अपनाने का आहवान किया।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी प्रकार के माफिया को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। ऊना में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने पुलिस को माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की पूरी छूट दे रखी है। अग्निहोत्री ने कहा कि पुलिस को चिट्टे के कारोबार में संलिप्त या अवैध खनन से जुड़े मामलों पर भी सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।

**सुरेश कश्यप**

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने हार के डर से बहाने बना कर नगर निकाय और पंचायती राज चुनाव को टालने की कोशिश की है। आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में पंचायती राज और नगर निकायों के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़ना चाहती है। सुरेश कश्यप ने कहा कि अपने साढ़े 3 साल के कार्यकाल में कांग्रेस ने प्रदेश के लोगों को केवल परेशान करने का काम किया है और हज़ारों की संख्या में संस्थान बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि नगर निकाय और पंचायत चुनाव में कांग्रेस की हार निश्चित है।

**जैनब चंदेल**

प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष जैनब चंदेल ने आरोप लगाया है कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भाजपा महिलाओं को गुमराह कर रही है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि इसके विरोध में महिला कांग्रेस प्रधानमंत्री को 10 लाख पोस्ट कार्ड भेज कर 5 सौ 43 लोकसभा सीटों के आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग करेगी। जैनब चंदेल ने कहा कि अगर केन्द्र सरकार की मंशा महिलाओं को आरक्षण देना है तो मौजूदा 5 सौ 43 लोकसभा सीटों के आधार पर ही आने वाले लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

**पैंशनर्स बकाया**

राज्य सरकार ने एक जनवरी, 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए या सेवा अवधि के दौरान मृत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट के शेष 30 प्रतिशत बकाया को तत्काल जारी करने के आदेश दिए हैं। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि राज्य सरकार पहले ही इस अवधि के दौरान अंतरिम राहत के रूप में पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी किस्त व मूल पेंशन और मूल पारिवारिक पेंशन पर महंगाई भत्ते की 12 किस्तों का भुगतान कर चुकी है, जिन्हें पेंशन या पारिवारिक पेंशन के बकाया के साथ समायोजित किया जा सकता है।

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने हिमाचल के विकास को नई ऊंचाईयां दी हैं। वे आज संगठनात्मक ज़िला महासू और मण्डल जुब्बल कोटखाई के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर विचार–विमर्श कर रहे थे। सिकंदर कुमार ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में आने से पहले किए गए बड़े–बड़े वायदे आज गारंटी के नाम पर छलावा साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं और प्रशासनिक विफलता के कारण आम जनता त्रस्त है। सिकंदर कुमार ने कहा कि पंचायत स्तर पर प्रदेश की अधूरी गारंटियों की पोल खोली जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल को दी गई विशेष सहायता व परियोजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने को कहा।

## इंसुलिन पंप

केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत टाईप वन मधुमेह से पीड़ित बच्चों और 27 वर्ष तक के युवाओं के लिए अत्याधुनिक इंसुलिन पंप निशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। बाज़ार में इस इंसुलिन पंप की कीमत 3 लाख से अधिक है। टांडा मैडिकल कॉलेज, आई.जी.एम.सी. शिमला और ऐम्स बिलासपुर सहित विभिन्न संस्थानों में अब तक 50 मरीजों को ऐसे इंसुलिन पंप उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। टांडा मैडिकल कॉलेज के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर विनय डोगरा ने बताया कि इंसुलिन पंप से मरीज़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और इसका इस्तेमाल बेहद आसान है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हिमाचल दौरे को लेकर तैयारियां शुरू— राजधानी शिमला में सुरक्षा के दृष्टिगत एक हज़ार से अधिक पुलिस जवान रहेंगे तैनात।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों से कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए परिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान।
- सांसद सुरेश कश्यप ने कहा— हार के डर से पंचायती राज और नगर निकाय चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़ना चाहती कांग्रेस।
- प्रदेश महिला कांग्रेस प्रधानमंत्री को 10 लाख पोस्ट कार्ड भेजकर 5 सौ 43 लोकसभा सीटों के आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग करेगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल सुबह 11 बजे लोगों से साझा करेंगे विचार।